Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 30 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 05

## बस और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत : नौ यात्रियों की मौत, 23 घायल

**मैहर । आरएनएस**




मध्य प्रदेश के मैहर में बस और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत में नौ लोगों की मौत और करीब 23 लोगों के घायल होने की खबर है। यह हादसा जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर नादन देहात थाने के पास हुआ।

पुलिस के मुताबिक, बीती रात करीब 11 बजे प्रयागराज से नागपुर जा रही बस सडक़ किनारे खड़े पत्थर से लदे डंपर ट्रक से टकरा गई। मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के मुताबिक हादसे में घायलों में से करीब छह लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए सतना रेफर किया गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि अन्य घायलों का इलाज मैहर और अमरपाटन के अस्पतालों में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया गया।

बस की केबिन और आगे की सीटों पर बैठे यात्री हादसे की जद में आ गए। घटनास्थल पर ही 6 यात्रियों की मौत हो गई। आनन-फानन में अन्य यात्रियों को एंबुलेंस की मदद से देर रात अमरपाटन और मैहर की अस्पतालों में भेजा गया। मृतकों की संख्या बढक़र अब 9 हो चुकी है। वहीं 23 यात्री इस हादसे में घायल हो गए हैं। दो घंटे से ज्यादा समय तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

## कैमूर में ट्रक से टकराई बस, तीन की मौत 11 घायल, पिंडदान कर लौट रहे थे सभी

**कैमूर । आरएनएस**



बिहार से यूपी की तरफ जा रही एक बस रविवार को खड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। यह हादसा कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बरहूली गांव के पास हुआ। बस सवार गया में पिंडदान कर लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार, बस चालक को झपकी लग गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। मृतकों में बस का खलासी, एक पंडा (पुजारी) और एक यात्री शामिल हैं। सभी मृतक यूपी के बाराबंकी जिले के रहने वाले थे, जो गया में पिंडदान कर लौट रहे थे। पिंडदान के बाद बस में सवार सभी लोग जगन्नाथ पुरी दर्शन कर विंध्याचल मंदिर की ओर रवाना हुए थे।

सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में भर्ती कराया गया। हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोट आई है, जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

एनएचएआई की मेडिकल टीम के सदस्य देवेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि घटना की वजह चालक की नींद लगना प्रतीत हो रहा है। मौके पर तीन लोगों की मौत हो गई और 11 लोगों को एंबुलेंस से अनुमंडल अस्पताल मोहनिया पहुंचाया गया।

मोहनिया थाना के एएसआई शिवजी सिंह ने भी पुष्टि की कि खड़ी ट्रक में यात्री बस की टक्कर हुई, जिससे यह दुर्घटना घटी। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचा दिया गया है। घटना सुबह 5 बजे से पहले की है, बस में करीब 35 लोग सवार थे। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घायल माताफेर तिवारी और राजरानी पाल ने बताया कि हम लोग गया से पिंडदान कर वापस लौट रहे थे, तभी हमारी बस ट्रक से टकरा गई। तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### हरियाणा चुनाव : गुरमीत राम रहीम ने मांगी 20 दिन की पैरोल, मुख्य चनाव अधिकारी को भेजी एप्लीकेशन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव हैं। इसी बीच बलात्कार के जुर्म में 20 साल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा के चीफ गुरमीत राम रहीम ने एक बार फिर पैरोल की मांग की है। पिछले महीने ही उन्हें 21 दिन की फरलो दी गई थी। इस बार उन्होंने 20 दिन की पैरोल की डिमांड की है। राज्य सरकार ने आदर्श आचार संहिता को देखते हुए उनके इस रिक्वेस्ट को मुख्य चुनाव अधिकारी के पास भेज दिया है। सूत्रों के मुताबिक, मुख्य चुनाव अधिकारी ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर इस इमरजेंसी पैरोल के बारे में पूछा है, जिसमें कहा गया है कि चुनाव अवधि के दौरान दोषी को पैरोल पर रिहा करना कितना सही है? राम रहीम इस समय हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। बलात्कार के जुर्म में वह 20 साल की सजा काट रहा है।

### जम्मू में मल्लिकार्जुन खडग़े की बिगड़ी तबीयत, भाषण देते हुए अचानक बेहोश होकर मंच पर गिरे

**जम्मू (आरएनएस)।** जसरोटा विधानसभा क्षेत्र के बरनोटी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े भाषण देते हुए अचानक बेहोश होकर मच पर ही गिर गए। जिसके बाद वहां मौजूद लोग सहम गए। मल्लिकार्जुन खडग़े के गिरने के बाद कुछ देर के लिए भाषण रोकना पड़ा। थोड़ी देर बाद उन्होंने बैठकर कुछ मिनट भाषण दिया, लेकिन बीच में फिर रुक गए। बाद में उन्होंने खड़े होकर 2 मिनट भाषण दिया। जाते-जाते सबको यह कहकर संबोधन किया कि वह 83 साल के हैं अभी मरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि तब तक नहीं मरूंगा जब तक मोदी को सत्ता से हटा नहीं लूंगा।

### नोएडा : ठक-ठक गैंग का एक बदमाश गिरफ्तार, 10 लैपटॉप बरामद

**नोएडा (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के नोएडा के थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित ठक-ठक गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के 10 लैपटॉप बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी पर अलग-अलग थानों में 40 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया की 27 सितंबर को थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त अभिषेक उर्फ विक्रम को दिल्ली पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। बदमाश की निशानदेही पर एफएनजी सर्विस रोड के पास बनी ग्रीन बेल्ट की दीवार के पास से गाडिय़ों का शीशा तोडक़र चुराये गये 10 लैपटॉप और चार लैपटॉप चार्जर बरामद हुए हैं। अभियुक्त ठक-ठक गैंग का सक्रिय सदस्य है जो खड़ी गाडिय़ों के शीशे तोडक़र कीमती सामान चोरी कर लेता है। पुलिस के अनुसार, अभिषेक उर्फ विक्रम को दिल्ली पुलिस की मदद से दक्षिणी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अलग-अलग थानों में उसके खिलाफ 40 मुकदमे दर्ज हैं। इससे पहले भी इस गैंग के कई अपराधियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने बताया है कि अभियुक्त चोरी के माल को ग्रीन बेल्ट में सुनसान जगह पर छुपा दिया करता था और मामला शांत होने के बाद उसे निकालकर बेच दिया करता था। पुलिस इस गैंग के और अपराधियों की तलाश कर रही है और इस आरोपी से भी पूछताछ कर उनकी जानकारी जुटाई रही है।

### लगातार बारिश से कच्चे मकान की छत ढही, सगे भाई-बहन की मौत, चार घायल

**कन्नौज (आरएनएस)।** यूपी के कन्नौज स्थित गोपालपुर गांव में रविवार को कच्चे मकान की छत ढहने से बड़ा हादसा हो गया। इसमें एक ही परिवार के दो बच्चों (सगे भाई बहन) की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक रविवार तडक़े करीब 3 बजे पुत्तू लाल के कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर गई। हादसे के समय घर के अंदर पुत्तूलाल अपने परिवार के साथ सो रहे थे। छत गिरने से सभी मलबे में दब गये। जोरदार आवाज सुनने के बाद ग्रामीण जब बाहर निकले तो घर गिरा देख सबके होश उड़ गए। ग्रामीणों ने आनन-फानन में मलबा हटाने का काम शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने विवेक और सरिता (सगे भाई-बहन) को मृत घोषित कर दिया और अन्य चार लोगों की हालत गंभीर होने के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## भरतपुर : पुरानी रंजिश के चलते तीन बच्चों पर चढ़ाया ट्रैक्टर, एक की मौत, दो घायल

**भरतपुर । आरएनएस**

भरतपुर के कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव जया में 28 सितंबर को पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति ने तीन मासूम बच्चों पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिसमें एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना उस वक्त हुई जब बच्चे अपने घर के दरवाजे पर खेल रहे थे।

संजय, पुत्र बच्चू सिंह, ने बताया कि गांव का राजेंद्र उनके परिवार से मजदूरी करवाना चाहता था, लेकिन उनके इनकार करने पर वह नाराज हो गया और पुरानी रंजिश के चलते धमकी देता था। घटना से कुछ दिन पहले राजेंद्र ने संजय को जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर धमकाया था कि वह उन्हें ट्रैक्टर से कुचलकर मार डालेगा। 28 सितंबर की सुबह, राजेंद्र के चचेरे भाई का बेटा पंकज ट्रैक्टर लेकर गांव में आया और बच्चों को देखकर जानबूझकर उन पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। घायलों को तुरंत कुम्हेर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से गंभीर स्थिति में तीनों बच्चों को भरतपुर के जिला आरबीएम अस्पताल रैफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने रोहन को मृत घोषित कर दिया, जबकि कान्हा के पैर में फैक्चर है और तीसरे बच्चे नवजीत को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

घटना के बाद जाटव समाज के लोग बड़ी संख्या में आरबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर इक_ हो गए और आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, तब तक मृतक का पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा।

कुम्हेर थाना प्रभारी बनवारी लाल ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली में नितिन गडकरी संग राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की करेंगे समीक्षा

**नई दिल्ली । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रात नई दिल्ली पहुंचेंगे। 30 सितंबर को केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और राज्य के लोक निर्माण विभाग, राजस्व, खनन और वन विभागों के अधिकारियों को भी उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

बैठक का उद्देश्य छत्तीसगढ़ में चल रही राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा करना है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य ने हमेशा राजमार्ग परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन में पूरा समर्थन दिया है, लेकिन कुछ परियोजनाएं अभी भी विभिन्न अवरोधों के कारण धीमी गति से चल रही हैं। इस बैठक के माध्यम से इन अवरोधों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा कर रहे हैं ताकि कार्यों का समय पर और कुशलता से निष्पादन हो सके। बैठक में वन विभाग से क्लीयरेंस, राजस्व और खनन से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि इनसे कई परियोजनाओं में रुकावटें आ रही हैं। नितिन गडकरी को उम्मीद है कि इस समीक्षा से सभी लंबित मुद्दों का समाधान हो जाएगा और परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा। पिछली समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ को अयोध्या से जोडऩे वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना को केंद्र सरकार से स्वीकृति मिली थी। इस बैठक में उस परियोजना की प्रगति का भी आकलन किया जाएगा। अयोध्या से जोडऩे वाला यह मार्ग छत्तीसगढ़ के लिए धार्मिक और पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक से उम्मीद की जा रही है कि छत्तीसगढ़ में चल रहे राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्यों को गति मिलेगी और राज्य में विकास की दिशा में बड़े कदम उठाए जाएंगे।

### 'मन की बात' ने पूरे किए 10 साल

## पीएम मोदी ने कहा- करोड़ों श्रोता ही कार्यक्रम के असली सूत्रधार

**नई दिल्ली । आरएनएस**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया। अपने 114वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि आज का एपिसोड भावुक करने वाला है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को 10 साल पूरे हो चुके हैं। 2014 में 3 अक्टूबर को मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी। उस दिन विजयादशमी का दिन था। यह बेहद सुखद संयोग है कि इस बार 3 अक्टूबर को नवरात्रि का पहला दिन है।

पीएम मोदी ने कहा कि श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जब तक चटपटी और नकारात्मक बात न हो तब तक तवज्जों नहीं मिलती है। मगर मन की बात कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है।

ये महिलाएं स्वयं सेवक समूह से जुड़ी हैं। इन महिलाओं ने जल सहेली बनकर इस अभियान का नेतृत्व किया है। महिलाओं ने मृतप्राय नदी को जिस तरह से बचाया है, उसकी किसी ने कल्पना नहीं की होगी। इन महिलाओं ने बोरियों में बालू भरकर चेक डैम बनाया और नदी का पानी से लबालब भर दिया।

पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के दो प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि डिंडोरी के रायपुरा गांव में एक बड़े तालाब के निर्माण से भूजल स्तर काफी बढ़ गया है। इसका फायदा गांव की महिलाओं को मिला। शारदा अजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने मछली पालन शुरू किया।

**छतरपुर की महिलाओं ने तालाब को किया जीवित**

छतरपुर में भी महिलाओं ने खौंप गांव में बड़ा तालाब जब सुखने लगा तो महिलाओं ने इसे जीवन करने का प्रयास शुरू किया। हरी बागिया स्वयं सहायता समूह की इन महिलाओं ने बड़ी मात्रा में गाद निकाली। इस गाद का इस्तेमाल महिलाओं ने बंजर जमीन पर किया और बाग तैयार की।

## अब महोबा में हुई ट्रेन को पलटाने की साजिश, रेलवे ट्रैक पर रखा था कंक्रीट का खंभा; नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**महोबा । आरएनएस**



उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के कबरई थाना क्षेत्र में रेल पटरी पर कंक्रीट का खंभा रखने का मामला सामने आया है। खंभे को एक पैसेंजर ट्रेन के चालक ने देख लिया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी जिससे हादसा होने से टल गया। रेल अधिकारियों की शिकायत के आधार पर महोबा में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं पुलिस ने 16 वर्षीय एक लडक़े को हिरासत में भी लिया है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीपक दुबे ने बताया, ''कबरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा-महोबा रेल मार्ग पर 'फेंसिंग पिलर' रखने के आरोप में 16 वर्षीय एक लडक़े को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह घटना तब सामने आई जब एक पैसेंजर ट्रेन के चालक ने रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस को पटरी पर खंभा रखे जाने की सूचना दी। क्षेत्राधिकारी ने बताया, ''आरपीएफ के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एक नाबालिग को हिरासत में लिया। नाबालिग ने पटरी पर खंभा रखने की बात कबूल की है।'' अधिकारी ने बताया कि खंभा पटरी से हटाए जाने के तुरंत बाद ही मार्ग पर रेल यातायात सुचारू हो गया।

### बिहार पर दोहरी आफत

## एक तरफ नेपाल ने छोड़ा पानी तो दूसरी तरफ भारी वर्षा का अलर्ट; 13 जिलों में मंडराया बाढ़ का खतरा

**पटना । आरएनएस**

नेपाल में बारिश की वजह से 112 लोगों की मौत हो गई है। इस बीच वाल्मीकिनगर और बीरपुर बैराजों से पानी छोड़ दिया गया है। ऐसे में बिहार सरकार ने शनिवार को राज्य के उत्तरी और मध्य भागों में कोसी, गंडक और गंगा जैसी उफनती नदियों के किनारे बाढ़ की चेतावनी जारी की है। राज्य जल संसाधन विभाग ने एक बयान में कहा, ''नेपाल में भारी बारिश के कारण, गंडक, कोसी, महानंदा आदि नदियों में पानी का बहाव शनिवार को काफी बढ़ गया है।'' इससे 13 जिलों के 16.28 लाख से अधिक लोगों की स्थिति और खराब हो सकती है, जो पहले से ही भारी बारिश के बाद बाढ़ से प्रभावित हैं।

### वाल्मीकिनगर और बीरपुर बैराज से छोड़ा गया पानी

राज्य जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि कोसी नदी पर बने बीरपुर बैराज से शाम 7 बजे तक कुल 5.79 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो 56 साल में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि तटबंधों की सुरक्षा के लिए सभी सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। पिछली बार इस बैराज से सबसे अधिक 7.88 लाख क्यूसेक पानी 1968 में छोड़ा गया था। इसी तरह वाल्मीकिनगर बैराज से शाम 7 बजे तक 5.38 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया।



2003 में छोड़े गए 6.39 लाख क्यूसेक के बाद यह इस बैराज से छोड़ा गया सबसे अधिक पानी है। उन्होंने कहा कि एहतियात के तौर पर कोसी बैराज के पास यातायात रोक दिया गया है।

### नदियों का बढ़ा जलस्तर

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ''नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण सीमावर्ती जिलों में कई स्थानों पर नदियां खतरे के निशान को छू रही हैं या उससे ऊपर बह रही हैं।'' उन्होंने बताया कि नेपाल ने शनिवार शाम 7 बजे तक गंडक बैराज में 5.40 लाख क्यूसेक पानी और कोसी बैराज में 4.99 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा। अधिकारियों ने बताया कि इन दो बैराजों से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद नदी का अतिरिक्त पानी पश्चिमी और पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, अररिया, सुपौल, कटिहार, पूर्णिया और कई अन्य जिलों के निचले इलाकों में प्रवेश कर गया है।

### 13 जिलों में बाढ़ जैसे हालात

अधिकारियों ने बताया कि बक्सर, भोजपुर, सारण, पटना, समस्तीपुर, बेगूसराय, मुंगेर और भागलपुर समेत गंगा के किनारे बसे करीब 13 जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति है और मूसलाधार बारिश के बाद नदियों का जलस्तर बढऩे से निचले इलाकों में रहने वाले करीब 13.5 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रभावित जिलों से बड़ी संख्या में लोगों को निकालकर राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। राज्य के विभिन्न इलाकों में शनिवार सुबह 8.30 बजे तक 780.3 मिमी बारिश हुई।